तापमान
अधिकतम 26.5 डिग्री
न्यूनतम 5.8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 21 जनवरी 2026

12 गुप्त नवरात्र का दूसरा दिन, 27 जनवरी को होगा समापन



12 गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में, प्रतिभागी विद्यार्थी कर रहे पूर्वाभ्यास



## खबर संक्षेप

### गोकलगढ़ गांव से अवैध शराब बरामद

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने गोकलगढ़ में अवैध शराब बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव निवासी संदीप अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर छापा मारा। आरोपी के कब्जे से 12 बोतल देशी व पांच पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गत 14 जनवरी को हुए हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के दौसा जिले के जसौता निवासी मानसिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। पुलिस ने गत वर्ष 1 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के नजफगढ़ निवासी मनोज को गिरफ्तार किया है। उसे बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक और आरोपी काबू

**कोसली।** थाना पुलिस ने झाल गांव में गत वर्ष अक्टूबर माह में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत वर्ष 9 अक्टूबर को गांव के कई लोगों के कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। तीन आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब एक आरोपी झाल निवासी राहुल को गिरफ्तार किया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जमानत मिलने के बाद रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ति के बयान पर गत 14 जनवरी को दर्ज मामले में पुलिस ने बुड़ाना निवासी गौरव और जितेंद्र को गिरफ्तार किया है। इसी दिन पुलिस ने तुर्कियावास में हुए झगड़े के बाद दर्ज मामले में गांव निवासी विजय और सतेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर मारपीट व धमकी देने के आरोप हैं।

### नशीला पदार्थ मुहैया कराने वाला काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गत वर्ष 5 दिसंबर को एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ में उसने बताया था कि उसके नशील पदार्थ खासापुरा मोहल्ला निवासी मुकेश ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी मुकेश को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सब्जी उत्पादक किसानों ने खेतों में तैयार की टनल

# तीन दिन तक जमा खेतों में पाला, 'लो-टनल' से सब्जी फसलों का बचाव, अच्छे उत्पादन की संभावना

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

बागवानी विभाग के सहयोग से किसानों ने सब्जियों की फसल को पाले से बचाने के लिए इस बार 'लो-टनल' यानि छोटी सुरंग तकनीक का सहारा लिया है। बड़ी संख्या में किसानों ने इस बार लो टनल बनाकर सब्जियां उगाई हैं, जो पाले के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त रही हैं। इस तकनीक के जरिए आने वाले दिनों में जिले में सब्जियों की पैदावार बढ़ने की पूरी संभावना है। इस तकनीक से किसान बेमौसमी सब्जियां उगाकर मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। तीन दिन तक पाला जमने के बावजूद इस तकनीक ने सब्जी फसलों का बचाव किया है, जिससे अच्छे उत्पादन की संभावना बनी है। सब्जी उत्पादक किसानों को सीजनल सब्जियों के दाम ज्यादा नहीं मिल पाते, लेकिन अनसीजनल सब्जियों से उन्हें मोटा मुनाफा हो सकता है। गर्मी के सीजन की सब्जियों को सर्दी में तैयार करते समय उनके भारी ठंड और पाले से खराब होने की आशंका ज्यादा रहती है। इस बार 10 से 14 जनवरी को ठंड सबसे ज्यादा रही। इन दिनों में तापमान शून्य डिग्री से नीचे चले जाने के कारण खेतों में काफी पाला जमा। जिले के किसानों ने इस बार लगभग 8 हजार हेक्टेयर जमीन पर सब्जियों की खेती की हुई है। बड़ी संख्या में किसानों ने इस बार बागवानी विभाग के सहयोग से 'लो-टनल' तकनीक को अपनाया है, जिससे भारी ठंड व पाला जमने के बावजूद सब्जी फसलों को नुकसान नहीं हुआ। जिन किसानों ने बिना इस तकनीक के सब्जी की फसल बोई हुई हैं, उनकी फसलों को पाले से काफी नुकसान हुआ है। दूसरी ओर कड़ाके की ठंड के बीच लो-टनल तकनीक से खेती करने वाले किसानों की सब्जियों का तेजी से विकास हुआ है, जिनसे उत्पादन भी जल्द शुरू हो जाएगा। लो टनल एक वैज्ञानिक तकनीक है, जिसे अपनाकर किसान मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। मंगलवार को जिला बागवानी अधिकारी डा. मंदीप ने लो-टनल तकनीक अपनाने वाले किसानों के खेतों में जाकर फसलों का मुआयना किया।

जिले के किसानों ने इस बार लगभग 8 हजार हेक्टेयर जमीन पर सब्जियों की खेती की हुई है। बड़ी संख्या में किसानों ने इस बार बागवानी विभाग के सहयोग से 'लो-टनल' तकनीक को अपनाया है, जिससे भारी ठंड व पाला जमने के बावजूद सब्जी फसलों को नुकसान नहीं हुआ।



रेवाड़ी। खरखड़ा में लो–टनल खेती का जायजा लेते बागवानी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### इन सब्जियों के लिए बेहतर

| | |
|---|---|
| घीया | मिर्च |
| तोरई | ब्रोकली |
| करेला | खीरा |
| टमाटर | ककड़ी |
| गोभी | टिंडा |
| बैंगन | करेला |



**प्लास्टिक सीट के नीचे तैयार की जा रही सब्जियों की फसल**

### टनल तकनीक पर ज्यादा खर्च नहीं

लो-टनल संरचना बनाना बेहद आसान है। इसके लिए ज्यादा खर्च या जटिल उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती। लोहे की रॉड पर 100 माइक्रॉन ग्रेड की पारदर्शी सीट चढ़ाई चढ़ाई जाती है। इसकी ऊंचाई जमीन से लगभग 60 सेंटीमीटर होती है। पौधों की रोपाई 50 सेंटीमीटर की दूरी पर की जाती है और ड्रिप सिंचाई प्रणाली लगाई जाती है, ताकि पानी की बबार्दी न हो। दो कतारों के बीच 1.5 से 1.6 मीटर की दूरी रखी जाती है।

### यह है आधुनिक लो-टनल तकनीक

लो-टनल तकनीक खेतों में इस्तेमाल होनें वाली एक ऐसी वैज्ञानिक विधि है जिसमें लचीली पारदर्शी प्लास्टिक शीट का उपयोग किया जाता है। इसे सब्जियों की कतारों पर लगाया जाता है, ताकि ठंड के मौसम में पौधों के आसपास की हवा गर्म बनी रहे। इससे पौधों को ठंड, पाला और बारिश से सुरक्षा मिलती है और वे सही तरीके से विकसित हो पाते हैं। यह तकनीक ऑफ-सीजन में सब्जियों के उत्पादन के लिए बहुत उपयोगी मानी जाती है।

### एक माह पहले तैयार होती हैं सब्जियां

बागवानी अधिकारियों के अनुसार लो-टनल तकनीक पौधों को ठंड के साथ-साथ तेज हवाओं के झोंकों से भी सुरक्षित रखती है, जिससे पौधों का विकास संतुलित रहता है। सामान्य खेती की तुलना में लो-टनल तकनीक से फसल 30 से 40 दिन पहले तैयार हो जाती है। किसानों को बाजार में जल्दी सब्जियां बेचने का मौका मिलता है। उन्हें सीजनल सब्जियों की तुलना में फसल के ज्यादा दाम मिलते हैं।



रेवाड़ी। अस्पताल में उपचाराधीन सरपंच रविंद्र हाथी। फोटो : हरिभूमि

# झगड़े में बचाव करने पहुंचे सरपंच पर हमला

## प्राइवेट अस्पताल में दाखिल

- सरपंच के सिर में सात टांके आए हैं, उनके हाथ और पैरों में भी फ्रेक्चर बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार देर सायं सीवर को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद को शांत कराने के लिए पहुंचे माजरा के सरपंच रविंद्र हाथी पर भालखी की ढाणी के कुछ लोगों ने हमला दिया। सरपंच के सिर पर लोहे की राडॅ से गंभीर चोटें आई हैं। उनके हाथ-पैरों में भी फ्रेक्चर है। उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

सरपंच रविंद्र हाथी को सूचना मिली थी कि दूषित पानी की निकासी को लेकर उनके गांव के कुछ लोगों का भालखी की ढाणी के लोगों के साथ विवाद हो रहा है। सूचना मिलने के बाद रविंद्र हाथी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों पक्षों के लोगों को समझाने का प्रयास किया। सरपंच का आरोप है कि भालखी की ढाणी के सात लोगों ने उन पर लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान सरपंच के पक्ष के लोग भी वहां पहुंच गए। उन्होंने सरपंच को शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया। सरपंच के सिर में सात टांके आए हैं। उनके हाथ और पैरों में भी फ्रेक्चर बताया गया है। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस भी अस्पताल में घायल के बयान दर्ज कराने के लिए पहुंच गई। पुलिस के अनुसार अभी घायल के बयान दर्ज नहीं किए गए हैं। बयान के आधार पर ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों का स्वास्थ्य ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला: वीर कुमार यादव



*कोसली। सुरेहली के बाल संस्कार वैली वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए एक निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव ने किया। शिविर में पल्स हास्पिटल एवं कुणाल आई हास्पिटल कोसली के डाक्टरों की टीम द्वारा विद्यालय के बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, आंखों की जांच एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय रहते बीमारियों की पहचान करना रहा।मुख्य अतिथि वीर कुमार यादव ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करने के उपरांत बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य, खान-पान और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ऐसे स्वास्थ्य शिविर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करते हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं डाक्टरों की टीम की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार एवं प्राचार्य सुनील कुमार ने अतिथियों एवं डाक्टरों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय की वाइस चेयरमैन सरला देवी, प्रवीण कुमारी, पीआरओ हरिओम, डा दीपक कुमार, डा मिथुन, हास्पिटल के स्टाफ सदस्य, शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।*

# अंतरराज्यीय बैटरी चोर गिरोह का सरगना गिरफ्तार

- दो जिलों की पुलिस ने रखा था इनाम, 150 वारदातों में था शामिल
- अधिकांश थाना क्षेत्रों में दिया था चोरियों को अंजाम, रेवाड़ी व झज्जर पुलिस ने घोषित किया हुआ था इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। गिरफ्तार किए गए आरोपी के साथ पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी।

वर्ष 2024 में एक साल के दौरान जिले के लगभग सभी पुलिस स्टेशन के एरिया में एक के बाद एक बैट्री चोरी की 63 वारदातों को अंजाम देने वाले चोर गिरोह के सरगना को सीआईए ने तावडू के खोरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। जिला पुलिस के साथ-साथ झज्जर पुलिस ने भी उस पर इनाम रखा हुआ था। आरोपी के खिलाफ प्रदेश व राजस्थान के कई जिलों में 150 से अधिक मामले दर्ज हैं। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। इस गिरोह के दो सदस्य पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिए थे। लगभग दो साल पहले बैट्री चोर गिरोह ने पुलिस की नाक में दम कर दिया था। बड़ी संख्या में गाड़ियों से लेकर इन्वर्टरों की बैट्रियां चोरी हुई थीं। बावल थाना पुलिस को 6 मई 2024 को दर्ज शिकायत में चांदूवास निवासी ब्रह्मप्रकाश ने बताया था कि उसकी शाहजहांपुर रोड मोहनपुर में टाइल की फैक्ट्री है। चोर उसकी फैक्ट्री से रात को ट्रैक्टरों की चार, रोलर, जनरेटर और ऑफिस के इन्वर्टर की बेट्रियों के साथ-साथ लेबर के तीन मोबाइल फोन भी चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में धारूहेड़ा सीआईए प्रभारी योगेश हुड्डा की टीम ने नूंह के गुवारका निवासी आजाद को गिरफ्तार किया है। आजाद पर जिला पुलिस ने 5 हजार रुपये इनाम घोषित हुआ था। झज्जर पुलिस ने भी उस पर पांच हजार रुपये इनाम रखा हुआ था।

### लगभग सभी पुलिस थानों में केस दर्ज

आरोपी के खिलाफ सिटी, सदर, मॉडल टाउन, कोसली, खोल, धारूहेड़ा व बावल सहित जिले के अधिकांश पुलिस थानों में चोरी के केस दर्ज हैं। जिले में उसके खिलाफ कुल 63 चोरी के केस दर्ज हैं। इसके अलावा राजस्थान के अलवर व दूसरे जिलों में भी केस दर्ज हैं। यह एक बड़ा गिरोह रहा है, जिसके दो सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों आजाद के ससुराल नूंह के फिरोजपुर नमक के रहने वाले हैं।

### अन्य जिलों में भी वारदातों को अंजाम

डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आजाद बैट्री चोर गिरोह का सरगना है। उसने रेवाड़ी, झज्जर, मेवात, गुरूग्राम, महेंद्रगढ़ व अन्य जिलों में भी बैट्री चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। झज्जर पुलिस ने भी उस पर इनाम घोषित किया हुआ था। आरोपी पर दूसरे जिलों व राजस्थान में 150 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। चोरी किए गए सामान की रिकवरी के लिए आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है।

# एग्रीस्टैक आईडी को जल्दी बनवा लें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



कोसली। एग्री स्टैक आईडी बनाते हुए कृषि विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से किसानों की एग्रीस्टैक आईडी बनाई जा रही है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने किसानों से अपील की है कि वे शीघ्र अति शीघ्र अपनी नई आईडी को बनवा लें। एसडीएम ने बताया कि इन दिनों कृषि विभाग की टीम बीएओ नवीन कुमार की अगुवाई में किसानों की एग्रीस्टैक आईडी बना रही है। अब किसानों को हरियाणा व केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ इस आईडी के माध्यम से ही मिलेगा। जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सोलर पावर, पीएम किसान सम्मान निधि, बागवानी तथा मत्स्य पालन स्कीम, फसल खरीद, फसल का मुआवजा आदि सभी स्कीमों में इस आईडी का प्रयोग किया जाएगा। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल का स्थान अब एग्रीस्टैक आईडी ने ले लिया है। इसे केंद्रीय कृषि मंत्रालय की ओर से लागू किया गया है। जिससे कि योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक हकदार को ही स्कीम का लाभ दिया जा सके।

# मोबाइल पर लिंक भेजकर उड़ाए 3.86 लाख

- साइबर क्राइम पुलिस ने दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक।

साइबर थाना पुलिस ने मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर एक युवती के खाते से लगभग 3.86 लाख रुपये उड़ाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस को दर्ज शिकायत में शहबाजपुर खालसा निवासी एक युवती ममता ने बताया था कि वह गुरूग्राम की एक कंपनी में कार्यरत है। उसके मोबाइल फोन पर गत 2 जनवरी को एक लिंक आया था। उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसके बैंक खाते से 386078 रुपये कट गए। यह राशि 2 से 3 जनवरी के बीच विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए दूसरे खातों में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस ने इस मामले में यूपी के जिला जालौन के गांव मंडोरी निवासी विकास सिहोटे और झांसी जिले के मोहल्ला वीरूनगर राजगढ़ निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। विकास के खाते में ठगी की रकम के 30 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे, दीपक ने उसका खाता साइबर ठगों को मुहैया कराने में मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाना चाहिए : गुरविंदर सिंह

# विद्यार्थियों को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ

- सड़क पर यातायात के नियमों की पालना से हादसों में कमी लाई जा सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए यातायात अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन और यातायात विभाग की ओर से मंगलवार को एक प्राइवेट स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। टीएसआई गुरविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाना चाहिए। सड़क पर यातायात के नियमों की पालना से हादसों में कमी लाई जा सकती है। रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन के रमेश वशिष्ठ ने सड़क सुरक्षा पर जानकारी दी। उन्होंने बताया की किस तरह से हम सड़क पर आवागमन करते हुए अपना दुर्घटना से बचाव कर सकते हैं। नियमों का पालन करते हुए एक सुरक्षित सफर करते हैं। यातायात उपनिरीक्षक गुरविंदर सिंह ने वाहनों के चलाने के नियमों के बारे में तथा सड़क पर लगे संकेतको के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बच्चों का ज्ञानवर्धन किया। बाद में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल समीर कुमार, अध्यापक रोहित , स्कूल स्टाफ, आरटीए कार्यालय के टीएसआई संदीप तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### आईटीआई में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेला कल

- बावल, धारूहेड़ा, रेवाड़ी व मानेसर औद्योगिक क्षेत्रों से 40 औद्योगिक कंपनियां भाग लेंगी

**रेवाड़ी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेवाड़ी में गुरुवार, 22 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बावल, धारूहेड़ा, रेवाड़ी व मानेसर औद्योगिक क्षेत्रों से 40 औद्योगिक कंपनियां भाग लेंगी। राजकीय आ ई टी आ ई रेवाड़ी में आयोजित होने वाले पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेला में डीसी अभिषेक मीणा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style



# समीरा
## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।

हॉलीवुड मसाला




# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

टीवी मसाला




# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर



तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।

# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधरः द रिवेंज'



**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकरों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।

### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात




ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।

## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी



***नई दिल्ली।*** *सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*

### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुईं। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मचारियों को स्वस्थ रहने के दिए टिप्स

**कनीना।** पुलिस कर्मचारियों को टेंशन मुक्त रखने की दिशा में जिले के प्रत्येक थाना व चौकी में क्लास लगाई जा रही है। जिसमें चिकित्सक उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स बता रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. राहुल गुप्ता की टीम कनीना सदर व सिटी था पहुंची। जहां उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान तनावग्रस्त न रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तनावग्रस्त रहने से मुलाजिम ड्यूटी तथा घरेलू कार्य सही तरीके से नहीं कर पाते।

### डेंटल सर्जन की दादी का निधन

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल में कार्यरत डेंटल सर्जन डॉ. जितेंद्र मोरवाल की दादी व पूर्व नायब तहसीलदार एमएस मोरवाल की



माता चमेली देवी का निधन हो गया, वे 98 साल की थी। जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार सायं कनीना स्थित स्वर्ग आश्रम में किया। वे अपने पीछे दो पुत्र, छह पुत्री सहित पौत्र व प्रपौत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। निधन पर उप नागरिक अस्पताल की प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनू वर्मा, डॉ. सुंदरलाल, डॉ. दिनेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. दीपांशु, लखपत के अलावा नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा, पूर्व चेयरमैन सतीश जैलदार आदि ने शोक जताया है।

## कच्चे रास्ते में जमा रहता है निकासी का गंदा पानी

# ग्रामीणों ने जैलाफ-चिंडालिया रास्ता पक्का करने की मांग की

आए दिन गिरकर चोटिल होने की घटनाओं से परेशान भड़के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ग्रामीणों ने जैलाफ गांव से चिंडालिया गांव को जाने वाले रास्ते को पक्का करने की मांग की है। रास्ते में आए दिन गिरकर चोटिल होने की घटनाओं से परेशान होकर ग्रामीणों ने जैलाफ से चिंडालिया रास्ता पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में इस रास्ते से गिरकर घायल बुजुर्ग महिला चोटिल हाथों से जैलाफ से चिंडालिया रास्ता पक्का करो की आवाज बुलंद की। इस प्रदर्शन में इस रास्ते में आवाजाही से गिरकर घायल हुई बुजुर्ग महिलाएं, बच्चों, बुजुर्ग व महिलाओं ने मुखर होकर दो गांवों के लिए इस महत्वपूर्ण रास्ते को तत्काल पक्का करने की मांग की।

ग्रामीणों की ओर से लम्बे समय से इस रास्ते को पक्का बनवाने की मांग के बावजूद रास्ता नहीं बनने पर ग्रामीणों का आक्रोश साफ दिखाई दिया। बता दें कि दोनों गांवों के ग्रामीणों ने 24 अगस्त 2025 को विधायक के गांव जैलाफ व चिंडालिया में आगमन पर दोनों गांवों को जोड़ने वाले, खेतों में जाने वाले, पशुओं के लिए चारा लाने के लिए खेतों में जाने वाली महिलाएं, चिंडालिया से जैलाफ आने वाले स्कूली बच्चों व राजस्थान की सीमा से लगते गांवों को जोड़ने वाले इस रास्ते को पक्का बनवाने हेतु मांग की गई थी, लेकिन छह महीने होने के बावजूद यह रास्ता अभी भी कच्चा है। रास्ता खस्ताहाल व उबाड़ खाबड़, गहरे गड्ढे व जगह-जगह पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों, बुजुर्ग महिलाओं, स्कूली बच्चों का इस रास्ते से आवाजाही दूभर हो गई है। आए दिन बुजुर्ग महिलाएं, बुजुर्ग किसान व स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं।



- बुजुर्ग महिलाएं किसान व स्कूली बच्चे गिरकर हो रहे चोटिल

**नारनौल।** रास्ता पक्का करने की मांग करते जैलाफ के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

***जगह-जगह पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों, बुजुर्ग महिलाओं व स्कूली बच्चों का इस रास्ते से आवाजाही हो गई दूभर***

### आंदोलन करने की चेतावनी

छाजूराम रावत ने कहा कि ग्रामीणों की बेहद वाजिब, जरूरी व जनहित की मांग को तत्काल स्वीकार कर दो गांवों को जोड़ने वाले इस रास्ते को तत्काल पक्का करवाया जाए। यदि शीघ्र ही इस रास्ते को पक्का करने की ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। छाजूराम रावत ने बताया कि ग्रामीणों ने कई बार मौखिक व लिखित में प्रशासन तथा जन प्रतिनिधियों से इस बेहद महत्वपूर्ण रास्ते को पक्का करने का आग्रह कर चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक सुनवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इस अवसर पर मुकेश ने भी इस रास्ते को पक्का करने की ग्रामीणों की जनहित की मांग को तत्काल स्वीकार करने की मांग की।

## यदुवंशी स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित



**महेंद्रगढ़।** शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा तनाव मुक्त अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रेरणादायक एवं स्वास्थ्य वर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अध्ययन और परीक्षाओं के प्रति अनुशासित, आत्मविश्वासी एवं ईमानदार रहने की शपथ ली। इस शपथ ने विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को मजबूत किया। विद्यार्थियों के मानसिक व शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए योग एवं ध्यान (मेडिटेशन) सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनाव से मुक्त रहने, एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।

### माफी मांगनी चाहिए

ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन इसे बोझ नहीं, बल्कि अपने ज्ञान और मेहनत को परखने का अवसर समझना चाहिए। सफलता का मूल मंत्र नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास है। योग और ध्यान हमें मानसिक शांति प्रदान करते हैं, जिससे हम तनावमुक्त होकर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। याद रखें, परीक्षा केवल अंक नहीं तय करती, बल्कि आपका चरित्र, अनुशासन और आत्मबल ही आपको जीवन में आगे बढ़ाता है। आप सभी पूरी निष्ठा और लगन से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। विद्यालय परिवार सदैव आपके साथ है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

## मैथ ओलंपियाड में देवयानी स्कूल की प्रथम रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के बच्चों ने इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड में गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त किया हैं, जिसमें भव्या पुत्री धर्मवीर, निक्की पुत्री संदीप, विधि पुत्री जितेंद्र कुमार, प्रज्ञा पुत्री सत्यवान, चंचल पुत्री मोनू यादव, दिया पुत्री अजय कुमार, दिव्यांशी पुत्री पंकज, पार्थ पुत्र अनिल ने गोल्ड, दक्ष पुत्र विनोद, आयशा पुत्री संदीप, पार्थ पुत्र चंद्रहास, परीक्षित पुत्र अनिरुद्ध, सारांश पुत्र नरेंद्र ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया।

भावेश पुत्र प्रमोद, परीधि पुत्री प्रवीण कुमार, भाविक पुत्र धर्मेंद्र, अर्पिता पुत्री अशोक, यष्टी पुत्री संदीप, खुशी पुत्री मोनू, दीपांश पुत्र सुधीर, नेहा पुत्री विजयपाल, कार्तिक पुत्र अजीब, पियूष पुत्र विजयपाल, नव्या पुत्री राजकुमार, दीपेश पुत्र संदीप, हरमाइनी पुत्र धर्मेंद्र, वंश पुत्र संदीप, कर्ण पुत्र अजीत, दुष्यंत पुत्र विनोद, दीपांशु पुत्र सतीश, कुनाल पुत्र मनमोहन, हर्ष आर्य पुत्र राजीव कुमार, चिराग पुत्र कृष्ण कुमार, तन्वी पुत्र सत्यनारायण, लोकेश पुत्र पवन, जिया पुत्र विक्रम कुमार, प्रणव पुत्र सूर्यकांत, मधुर पुत्र कृष्ण कुमार, प्रियांशु पुत्र विक्की यादव, लक्ष्य पुत्र सत्यवीर सिंह, यश पुत्र प्रवीण कुमार, खुशबू पुत्री प्रदीप कुमार, मोनिका पुत्री राजकुमार ने सर्टिफिकेट प्राप्त किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि मैथ ओलंपियाड का एक यह एग्जाम नवंबर माह में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। सम्मान समारोह में स्कूल प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



**महेंद्रगढ़।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## कविता पाठ स्पर्धा में कोमल रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, भाषण, कविता पाठ तथा मेहंदी प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव एवं महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव द्वारा किया गया।

प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि आज की नारी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता छात्राओं के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. परमीत कुमारी, डॉ. अनिता तथा डॉ. रितु रानी ने निभाई।

प्रतियोगिताओं के परिणाम के अनुसार कविता पाठ प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय तथा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में संतोष कुमारी प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा सुमन और कुकी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में बनाए हुए पोस्टर दिखाती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

## पीजी कॉलेज की सोम्या शर्मा ने सरस्वती महोत्सव में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार के तत्वावधान में हरियाणा सरस्वती विरासत विकास बोर्ड की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन राजकीय महाविद्यालय में किया गया। जिसमें करीब 50 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सोम्या शर्मा प्रथम स्थान रही। इसके बाद राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय सरस्वती विकास बोर्ड अंतर राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में सोम्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसकी वजह से राजकीय महाविद्यालय में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार व प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह तथा स्टाफ सदस्यों ने छात्रा सोम्या शर्मा को पारितोषिक व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों सर्वांगीण विकास होता है। प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों में प्रतियोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. सत्यपाल सुलोदिया थे। उपप्राचार्य डॉ. हवासिंह ने सोम्या शर्मा को बधाई दी। प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि इस जिला स्तरीय महोत्सव में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विजेताओं ने हिस्सा लिया। प्रोफेसर डॉ. नरेश कुमार ने आयोजकों व स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



**नारनौल।** छात्रा सोम्या शर्मा को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## पॉलिटेक्निक में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रेड रिबन क्लब के सहयोग से मंगलवार को बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में एचआईवी/एड्स विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में इसके प्रति सकारात्मक सोच और सही जानकारी का प्रसार करना था।

प्रतियोगिता में विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पोस्टरों के माध्यम से एचआईवी/एड्स से बचाव, जागरूकता, भेदभाव समाप्त करने तथा सुरक्षित जीवनशैली का संदेश दिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और विषय की गहन समझ को निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया।

प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए बताया गया कि प्रथम स्थान पायल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान दिव्यांश शर्मा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग फाइनल ईयर के छात्र ने हासिल किया। तृतीय स्थान गोपाल सिंह, सिविल इंजीनियरिंग फाइनल ईयर के विद्यार्थी रहे।



**नारनौल।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं

कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कहा कि एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी, सतर्कता और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से इस बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने ज्ञान और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रधानाचार्य ने रेड रिबन क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि सामाजिक विषयों पर उनकी संवेदनशीलता भी विकसित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के चलते दुकानदारों व कर्मियों के बीच हुई थी झड़प

# नपा कर्मचारियों और दुकानदारों के बीच चल रहा विवाद खत्म

*दोनों पक्षों की ओर से पुलिस थाने में दी गई थी शिकायत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका प्रशासन की ओर से पांच दिन पूर्व चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत कुछ दुकानदारों की ओर से नपा कर्मचारियों से झड़प करने की घटना के बाद मंगलवार को आपसी सहमति से सुलहनामा हो गया। जिसके चलते कार्रवाई की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे नपा के सफाई कर्मचारी दोपहर बाद काम पर लौट गए। बता दें कि घटना के बाद कार्रवाई की मांग को लेकर दोनों पक्षों की ओर से सिटी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। नपा सचिव, नगरपार्षदों व चेयरपर्सन हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों ने खुशी जाहिर की। दुकानदारों की ओर से भविष्य में झड़प न करने का आश्वासन दिया गया। वहीं नपा कर्मचारियों ने भी सामूहिक सहयोग से जनहित के कार्य करने की बात कही। बता दें कि जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह के दिशानिर्देश में बीते वीरवार को नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा के नेतृत्व में नपा सचिव कपिल कुमार, जेई राकेश कुमार, श्यामलाल सहित पुलिस टीम ने अतिक्रमणकारी दुकानदारों के दो-दो हजार रुपये के चालान कर अभियान को गति दी थी। अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने अटेली मोड़ से लेकर रेवाड़ी मोड़ तथा मंडी रोड पर फोकस किया था।



**कनीना।** नपा कार्यालय गेट पर धरना देते सफाई कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### सफाई कार्य शुरू

मंडी रोड पर रेहड़ी फड़ी वालों को खदेड़ा गया, तो कुछ दुकानदारों ने बाधा डालकर कार्रवाई को ब्रेक कर दिया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्षों की ओर से पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करानी पड़ी। सफाई कर्मचारी कार्रवाई की मांग को लेकर नपा गेट स्थित धरने पर बैठ गए। पिछले चार दिनों से धरनारत रहने के कारण सफाई व्यवस्था चरमराने लगी थी। मंगलवार को आपसी सहमति से सुलह होने के बाद कार्य सुचारू रूप से संचालित हो गया।

### क्या कहती हैं नपा चेयरपर्सन

नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने कहा कि नगर आयुक्त रणबीर सिंह के दिशानिर्देश पर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण होने से आए दिन मार्ग अवरुद्ध होने की शिकायतें आती हैं। कई बार दुकानदारों को हिदायत भी दी गई है, लेकिन अमल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता व विकास में आमजन सहयोग करें।

## गणतंत्र दिवस समारोह के लिए विभिन्न स्कूली बच्चों ने की रिहर्सल

**नारनौल।** आईटीआई परिसर में 26 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को विभिन्न स्कूली बच्चों की ओर से रिहर्सल की गई। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पीटी, मार्च पास्ट आदि का अभ्यास किया। इस अवसर पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने टीम प्रभारियों को निर्देश दिए कि सांस्कृतिक टीमों का निर्धारित समय में ही कार्यक्रम प्रस्तुत करवाएं।

**सूचना**

हम, बृजपाल पुत्र श्री जगराम व उषा देवी पत्नी श्री बृजपाल निवासीगण किशनपुर, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करते हैं कि हमारा पुत्र रोहित व पुत्रवधु शर्मिला हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत जुड्ड़ी, जिला रेवाड़ी**

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जुड्ड़ी जिला रेवाड़ी में पुराने स्कूल की बिल्डिंग डैमेज होने के कारण इसकी 400 कड़ी 5 शहतीर, 20 छोटे जंगले, 25 छोटे रोशनदान, 6 लकड़ी के दरवाजे व 2 लोहे के दरवाजे की खुली बोली ग्राम पंचायत जुड्ड़ी की धर्मशाला में 24.01.2026 को प्रातः 12:00 बजे की जाएगी। इसकी सिक्योरिटी राशि 10,000/- (दस हजार) रूपये होगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति पहुंचने का कष्ट करें।

**सम्पर्क सूत्र - 9466314155, 9729792555**

हस्ता/- अजीत कुमार, सरपंच
ग्राम पंचायत जुड्ड़ी खण्ड नाहड़ (रेवाड़ी)

## एसडीएम ने लिया जायजा, खेल मंत्री गौरव गौतम फहराएंगे तिरंगा, कोसली और बावल में भी तैयारियां

# गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में, प्रतिभागी विद्यार्थी कर रहे पूर्वाभ्यास

**जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

26 जनवरी को पुलिस लाइन में जिला स्तरीय 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह भव्य व गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं, जिनके तहत प्रतिभागी विद्यार्थी पूर्वाभ्यास करने में लगे हुए हैं। मंगलवार को एसडीएम सुरेश कुमार ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल का मुआयना भी किया।

जिला मुख्यालय सहित उपमंडल कोसली व बावल में भी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। वहीं उपमंडल बावल में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार तथा उपमंडल कोसली में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक कोसली अनिल यादव बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने उपरांत परेड का निरीक्षण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। एसडीएम सुरेश कुमार ने पुलिस लाइन मैदान में चल रही समारोह की तैयारियों का जायजा लेते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत सहित राष्ट्रीय भावना को अग्रणी मानते हुए प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद होंगे। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर समारोह के सफल आयोजन के लिए जिम्मेवारी निर्धारित की गई हैं।





रेवाड़ी। रिहर्सल के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे तथा रिहर्सल का जायजा लेते हुए एसडीएम सुरेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल 24 को

एसडीएम ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को पुलिस लाइन में आयोजित की जाएगी। एसडीएम ने रिहर्सल के दौरान संबंधित टीम के इंचार्ज को निर्देश दिए कि वे मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों पर विशेष ध्यान दें ताकि मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा सकें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग गणतंत्र दिवस पर निकाली जाने वाली झांकियों की तैयारियां भी समय रहते पूरा करना सुनिश्चित करें। समारोह के दौरान किसी तरह की कोई कमी नजर नहीं आनी चाहिए।

### इन विद्यालयों के प्रतिभागी देंगे प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस समारोह में राजकीय मॉडल विद्यालय जलियावास से विद्यार्थी मलखंभ सहित आत्म सुरक्षा की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी देशभक्ति नृत्य, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं राजस्थानी नृत्य, राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी कश्मीरी नृत्य और आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी हरियाणवी लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों से समारोह में समां बांधेंगे। वहीं प्रथम इंटरनेशनल स्कूल छुरियावास की छात्राएं राष्ट्रगान की प्रस्तुति देंगी।

### इन अधिकारियों ने संभाला है जिम्मा

सांस्कृतिक टीम के प्रतिभागी जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की नोडल अधिकारी एवं कार्यवाहक प्राचार्या डा. ज्योत्सना यादव व प्रवक्ता पूनम यादव की देखरेख में समारोह में दी जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को अंतिम रूप देने में अपना दायित्व निभा रही हैं। अधिकारी प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने में जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### सेक्टर के रास्ते पर कूड़े के अंबार

रेवाड़ी। बावल रोड से सेक्टर-1 की ओर जाने वाले रास्ते पर कूड़े के ढेर शहर की सफाई व्यवस्था को आइना दिखा रहे हैं। कूड़े की सफाई कराने के लिए जागरूक नागरिक ने एमई को पत्र प्रेषित किया है। एडवोकेट सचिन भूरथला ने एमई को प्रेषित पत्र में बताया कि बावल रोड से सेक्टर-1 की ओर नाला पाल करके जो रास्ता जा रहा है, उसके पास भारी मात्रा में कूड़ा डाला जाता है। नाले के आसपास कूड़े और गंदगी के अंबार लगे हुए हैं, जिससे लोगों का इस स्थान के आसपास बैठना भी मुश्किल बना हुआ है। आसपास के लोग ही यहां कूड़ा डालते हैं। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी इस कूड़े को लंबे समय से नहीं उठा रहे हैं, जिससे माहौल दुर्गंधमय बना हुआ है। उन्होंने एमई से कूड़ा उठवाकर इस जगह को साफ कराने की मांग की है।



### खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने संभाला कार्यभार

नाहड़। नव पदोन्नत खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार कस्वां ने मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के मुखियाओं एवं हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोशिएशन ने उनका स्वागत किया। उप जिला शिक्षा अधिकारी डा. राजेन्द्र यादव ने खंड नाहड़ पहुंचने पर उनका स्वागत किया और कहा कि खंड नाहड़ शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है और उन्हें विश्वास है कि खंड शिक्षा अधिकारी, सुरेश कुमार कस्वां के कार्यकाल में खंड नई ऊंचाईयों को हासिल करेगा। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोशिएशन के राज्य उप प्रधान रविन्द्र भाकली ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और कहा कि खंड नाहड़ अपने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए राज्य भर में अपनी विशेष पहचान रखता है। इस अवसर पर प्राचार्या उमा यादव, प्राचार्य करणसिंह, दिनेश सुरेहली, राकेश कुमार, हरिओम शर्मा, रवि कुमार सूरजभान,सुरेश यादव, कविता, ममता, नीलम राजेश, दिनेश, शीशराम, उमेद सिंह डीपीई, मनोज नठेडा, धर्मेन्द्र कुमार, चन्द्रशेखर, नरेन्द्र टुमना, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### ऑटो रिक्शा में सवारी का मोबाइल फोन चोरी करने का आरोपी फोन सहित काबू



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर बीएमजी मॉल के पास ऑटो रिक्शा में एक सवारी का मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने चोरी के आरोपी को फोन सहित काबू कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस को दर्ज शिकायत में गांव मूंदी निवासी होशियार सिंह ने बताया कि वह निजी कार्य से रेवाड़ी आया था। वह ऑटो रिक्शा में बैठकर धारूहेड़ा चुंगी की ओर जा रहा था। उसके साथ ऑटो में एक व्यक्ति बैठा हुआ था, जो रोडवेज वर्कशॉप के पास रिक्शा से उतर गया। वह कोट और काला चश्मा पहने हुआ था। उसने अंबेडकर चौक के पास देखा तो उसकी जेब से मोबाइल फोन गायब मिला। जगन गेट पुलिस चौकी ने उसकी शिकायत पर चोरी कर केस दर्ज करने के बाद दिल्ली के बाबा हरिदास नगर गातांजलि, नजफगढ़ निवासी अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से मोबाइल फोन बरामद होने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए।

### श्यामपत को बनाया भाकियू का जिलाध्यक्ष भीमसिंह को मिली प्रदेश की जिम्मेदारी

रेवाड़ी। भारतीय किसान यूनियन ने संगठन में दो नई नियुक्तियां की हैं। श्यामपत को यूनियन का जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि भीमसिंह को प्रदेश संगठन मंत्री की जिममेदारी दी गई है। इन नियुक्तियों की घोषणा के बाद कार्यकतार्ओं में भारी उत्साह देखा गया। जिला कार्यालय लाधूवास गुज्जर में भारी संख्या में किसान और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इस अवसर पर कार्यकतार्ओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और संगठन के पक्ष में नारेबाजी की। पदभार ग्रहण करने के बाद श्यामपत सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे पूरी निष्ठा और इमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। किसानों के हितों के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी।

## नबीन के निर्वाचन पर भाजपा कार्यालय में जश्न

- कार्यालय 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नितिन नवीन को मंगलवार को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा के जिला कार्यालय में जमकर जश्न मनाया गया। निर्वान की प्रक्रिया लाइव देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी का इजहार किया। जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली के नेतृत्व में कार्यकतार्ओं और पदाधिकारियों ने इस गौरवशाली क्षण को लाइव देखा और अपनी खुशी का इजहार किया। जैसे ही दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय से नितिन नवीन जी के निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा हुई, पार्टी कार्यालय 'भारत माता की जय' और 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। कार्यकतार्ओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यकतार्ओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह दृश्य केवल एक राजनीतिक नियुक्ति का नहीं, बल्कि पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र की जीत का उत्सव था। इस अवसर पर कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली ने इसे एक ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय राजनीति में यह सिद्ध करता है कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां एक साधारण कार्यकर्ता अपनी मेहनत, त्याग और संगठन के प्रति समर्पण के बल पर सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है।



### युवाओं में जोश पैदा करेगा नितिन नबीन का नेतृत्वः सतीश खोला

रेवाड़ी। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा. सतीश खोला ने कहा कि नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से युवाओं में जोश और उत्साह का संचार होगा तथा बड़ी संख्या में युवा पार्टी से जुड़ेंगे। मंगलवार को एक बयान में डा. खोला ने कहा कि नितिन नबीन का राजनीतिक जीवन संघर्ष, संगठनात्मक क्षमता और युवाओं के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने हमेशा कार्यकतार्ओं के साथ सीधा संवाद कायम रखा है और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को नई दिशा मिलेगी तथा युवा वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा सकारात्मक बदलाव चाहता है और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्सुक है।

### बागवानी फसलों को बढ़ावा देने के लिए नया नर्सरी एक्ट लागू

रेवाड़ी। बागवानी फसलों को बढ़ावा देने के लिए नया नर्सरी एक्ट लागू प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, बागवानी को प्रोत्साहित करने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर दूरदर्शी और किसान हितैषी नीतियां लागू कर रही है। प्रदेश सरकार ने हरियाणा बागवानी नर्सरी एक्ट-2025 लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य फलों, फूलों, सब्जियों, औषधीय पौधों एवं अन्य बागवानी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध कराना है।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा बागवानी नर्सरी एक्ट-2025 नर्सरियों में गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करेगा और किसानों को बागवानी की ओर आकर्षित करेगा, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना (एम.बी.बी.वाई.) लागू है की हुई है जिसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम और जलवायु असंतुलन से होने वाले नुकसान से किसानों की फसलों को सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत राज्य में 46 बागवानी फसलें शामिल हैं। फलों और सब्जियों के लिए 750 रूपए से एक हजार रुपए प्रति एकड़ प्रीमियम लिया जाता है, जबकि नुकसान की स्थिति में सब्जियों व मसाला फसलों के लिए 30 हजार रुपए तथा फलों के लिए 40 हजार रुपए तक मुआवजा दिया जाता है।

## नपा बावल में सभा का गठन, दस प्रतिशत वोटरों की हाजिरी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

सरकार की नई पहल के तहत नगर पालिका क्षेत्र में एरिया सभाओं का गठन कर आम नागरिक को शासन और प्रशासन की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। इस पहल का मूल भाव यही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और विकास में जनता की सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो। नगर पालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम-2008 के अंतर्गत शुरू की गई यह व्यवस्था प्रशासन को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी बनाने का माध्यम बनेगी। इसमें भी ग्राम सभाओं की तर्ज पर एरिया सभा होगी जिसमें 10 फीसदी मतदाताओं की उपस्थिति जरूरी होगी।

सरकार की इस पहल के बाद नगरपालिका बावल क्षेत्र के 13 वार्डो में एरिया सभाओं का गठन कर लिया गया है इसके अंतर्गत 22 जनवरी से वार्ड नं० 1 से वार्ड नं० 13 तक एरिया सभाओं की बैठक की जाएगी।

### सभाओं में होगा समस्याओं का समाधान

नगर पालिका सचिव, अनिल कुमार ने बताया कि एरिया सभाओं के माध्यम से आमजन की छोटी-बडी समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वार्ड स्तर पर ही समस्याओं की पहचान, प्राथमिकता निर्धारण और समाधान की प्रक्रिया शुरू होगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होनें बताया कि प्रत्येक एरिया सभा में संबंधित वार्ड के कुल मतदाताओं में से कम से कम 10 प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य रखी है। ताकि जनभागीदारी सशक्त हो और योजनाएं कागजों तक सीमित न रहकर जमीन पर प्रभावी रूप से लागू हो सकें।

## एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। समारोह मठाधीश शिवपुरी महाराज व उपमंडल अधिकारी विजय कुमार यादव उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डा लाज कौशल ने शिविर को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे शिविर में सीखे गए मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएँ। इस अवसर पर मौजूद ग्रामीण एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान एडवोकेट संजय यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक चेतना का विकास समय की मांग है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।आदर्श मठ समिति के महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सेवा, संस्कार और सहयोग से ही समाज सशक्त बनता है। उन्होंने मठ एवं शिक्षण संस्थानों के संयुक्त प्रयासों को समाज के लिए लाभकारी बताया और एनएसएस स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की।शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा कोसली गांव में महिला सशक्तिकरण, कन्या भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, साइबर सिक्योरिटी तथा मोबाइल की बढ़ती लत से बचाव जैसे विषयों पर जागरूकता रैली निकाली गई। तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिवपुरी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि युवाओं द्वारा समाज सेवा के लिए किया गया प्रत्येक प्रयास राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है।



कोसली। स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र देते एसडीएम विजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

### नागरिक कर्तव्यों से अवगत कराया

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम प्रभारी डा संध्या ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को विभिन्न व्याख्यानों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों से अवगत कराया गया। एसडीएम विजय कुमार यादव ने अपन उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी बनाती है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। युवाओं को कानून, अनुशासन और सामाजिक मयार्दाओं का पालन करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

सरपंच रामकिशन जांगड़ा, पंडित गुरुदत्त शर्मा, संजीव कुमार, सुनील कुमार, नीलम यादव, जसवंत, विक्की यादव, सुमित यादव, सपना यादव, प्रदीप कुमार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**गुप्त नवरात्र** | वर्ष में चार बार आते हैं नवरात्र, चैत्र व आश्विन के अधिक प्रचलित

# गुप्त नवरात्र का दूसरा दिन, 27 जनवरी को होगा समापन

- गुप्त नवरात्रि में की गई साघना से सुख-समृद्धि बढ़ती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवरात्र वर्ष में चार बार आते हैं। चैत्र व आश्विन माह के नवरात्र के अलावा 2 बार गुप्त नवरात्र भी आते हैं। चैत्र व आश्विन माह के नवरात्र अधिक प्रचलित हैं, जबकि माघ व आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्र के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। गुप्त नवरात्र रहस्यमय साधनाओं के लिए भी किए जाते हैं। इस दौरान साधक शक्ति अर्जन व जीवन की बाधाओं से मुक्ति के लिए देवी की आराधना करते हैं। इसी क्रम में माघ माह के गुप्त नवरात्र का मंगलवार को दूसर दिन रहा। यह आगामी 27 जनवरी को संपन्न होंगे। गुप्त नवरात्र पूरे 9 दिन ही रहेंगे। पंडित रामदत्त शर्मा के अनुसार इन नवरात्रों में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। प्रथम दिन विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। माघ माह के गुप्त नवरात्र का समय बहुत ही शुभ माना जाता है। इन दिनों में विशेष रूप से मां काली, तारा देवी, त्रिपुरा सुंदरी, भुवनेश्वरी, बगलामुखी, धूमावती, मातंगी और कमला देवी की साधना की जाती है। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि में की गई साघना से सुख-समृद्धि बढ़ती है और आरोग्यता का आशीर्वाद मिलता है। लेकिन इस समय की गई साधना का फल तभी मिलता है, जब पूर्ण रूप से नियमों का पालन किया जाए. इसलिए यह जान लीजिए कि माघ गुप्त नवरात्रि के दौरान साधकों को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



### गुप्त नवरात्रों में विशेष नियम

पंडित रामदत्त का कहना है कि माघ गुप्त नवरात्र का सबसे महत्वपूर्ण नियम है कि अपनी साधना गुप्त रूप से करें और पूजा, संकल्प, मंत्र के बारे में किसी से चर्चा न करें और न ही साझा करें। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि की पूजा सार्वजनिक रूप से करने पर इसका फल नहीं मिलता और साधना खंडित हो सकती है। अखंड ज्योति जरुर जलाएं।

### ज्योति जलाने पर रखें खास ध्यान

ज्योति जलाने के बाद घर खाली न छोड़ें। शुद्धता का ध्यान रखें और ज्योत बुझे नहीं इसका भी हर तरह से ध्यान रखें। मांस-मदिरा, लहसुन-प्याज आदि जैसी चीजों का पूरी तरह से त्याग करें। शारीरिक शुद्धता के साथ ही तन-मन और विचारों से भी शुद्ध रहें। इस समय किसी के प्रति क्रोध भावना न करें, झूठ न बोलें और किसी का अपमान न करें।